संख्या-58/2022/228ई/23-11-2022-1/2(129)/2020टी0सी0

प्रेषक,

राजेश कुमार पाण्डेय,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-11 **लखनऊ : दिनांक 29 मार्च, 2022**

विषय:-वित्तीय वर्ष 2021-22 में प्रदेश के अन्तर्राज्यीय/अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर पड़ने वाले मार्गो का निर्माण/चौड़ीकरण/सुदृढीकरण योजनान्तर्गत स्वीकृत 01 चालू कार्य के सापेक्ष प्राप्त बचत की धनराशि का समायोजन स्वीकार करते हुए 02 अन्य चालू कार्यो पर आवंटित किए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियंता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के पत्र संख्या-660बी0जी0/7बी0-मांग/2021-22, दिनांक 24-03-2022 एवं पत्र संख्या-38/CE-HQ1/ISC/2021-22, दिनांक 25-03-2022 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश के अन्तर्राज्यीय/अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर पड़ने वाले मार्गो का निर्माण/चौड़ीकरण/सुदृढीकरण योजना के अधोलिखित तालिका-क में अंकित 01 चालू कार्य पर वित्तीय वर्ष 2021-22 में अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष कुल रू0 300.00 लाख (रूपये तीन करोड़ मात्र) की प्राप्त बचत की धनराशि का समायोजन स्वीकार करते हुये तालिका-ख में अंकित 02 चालू कार्यो पर उक्त समायोजित धनराशि रू0 300.00 लाख (रूपये तीन करोड़ मात्र) आवंटित किये जाने की श्री राज्यपाल निम्नलिखित शर्तो के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

तालिका:-क **(धनराशि रूपये लाख में)**

क्र0 सं0	जनपद/ खण्ड का नाम	कार्य का नाम	स्वीकृत/ प्रावैधिक लागत	वित्तीय वर्ष 2021-22 में आवंटन का विवरण		क्षेत्र से प्राप्त बचत	समायोजन की धनराशि
				शा0सं0 दि0	अवमुक्त धनराशि		
1	2	3	4				
1	प्रा0ख0 मुरादाबाद	जनपद मुरादाबाद में मुरादाबाद-सलेमसराय-डिलारी (अन्य जिला मार्ग) का चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य (लम्बाई 14.200 कि0मी0)।	2387.45	52/2022/165ई/23-11-2022-1/2(129)/2020, दि0 09-03-2022	500.00	300.00	300.00

तालिका-ख **(धनराशि रूपये लाख में)**

क्र0 सं0	जनपद/ खण्ड का नाम	कार्य का विवरण	स्वीकृत/ प्रावैधिक लागत	अब तक आंवटन	अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6
1	प्रा0ख0 महराजगंज	जनपद महराजगंज में निचलौल बहुआर इण्डोनेपाल बार्डर मार्ग (अ0जि0मा0) में चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य (लम्बाई 8.30 कि0मी0)	1615.52	626.46	159.35
2	नि0ख0-3 झांसी	जनपद झांसी में मोंठ समथर पाण्डोखर इन्दरगढ़ सम्पर्क मार्ग (अ0जि0मा0) के कि0मी0 1 से 20 (100) का चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य (लम्बाई 19.10 कि0मी0)।	2812.94	2672.29	140.65
		योग			**300.00**

(1) प्रश्नगत चालू कार्य हेतु आवंटित धनराशि का व्यय/उपयोग वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/ ज्ञापों में उल्लिखित शर्तो के अनुसार बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्त पुस्तिका के नियमों,स्थाई आदेशों आदि का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा तथा किसी भी दशा में प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग किसी अन्य मद में नहीं किया जायेगा।

http://shasanadesh.up.nic.in

(2) प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र/कार्य के सपंरिक्षित लेखा निर्धारित समयावधि में कार्यालय महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज एवं शासन को उपलब्ध करा दिया जाय।

(3) उक्त सम्भावित बचत की धनराशि की उपलब्धता एवं आवंटित धनराशि की आवश्यकता की सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता की होगी।

(4) उपरोक्त तालिका-क में अंकित कार्यो पर वित्तीय वर्ष 2021-22 में धनराशि आवंटन विषयक शासनादेश को उक्त सीमा तक संशोधित समझा जाय।

(5) उक्त परियोजनाओं के सम्बन्ध में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति विषयक शासनादेशों की शेष शर्ते एवं प्रतिबंध यथावत लागू रहेंगी।

2- प्रश्नगत कार्य पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय-व्ययक में अनुदान सं0-58 के लेखाशीर्षक-5054-सड़को तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय-04-जिला तथा अन्य सड़कें-337-सड़क निर्माण कार्य-17-प्रदेश के अन्तर्राज्यीय/अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर पड़ने वाले मार्गो का निर्माण/चौड़ीकरण/सुदृढीकरण-24-वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-03/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021 दिनांक 22-03-2021 द्वारा प्रतिनिधानित अधिकारों के अधीन जारी किया जा रहा है।

भवदीय,

(राजेश कुमार पाण्डेय)
अनु सचिव।

संख्या-58/2022/228ई(1)/23-11-2022-तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- निजी सचिव, मा0 मंत्री, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
2- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
3- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- सम्बन्धित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी।
5- मुख्य अभियन्ता (मु0-1) लोक निर्माण विभाग लखनऊ।
6- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
7- सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
8- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनु0-8/वित्त (आय-व्ययक) अनु0-1, उ0प्र0 शासन।
9-राज्य योजना आयोग-1/2, उ0प्र0 शासन।
10- अधीक्षण अभियन्ता नियोजन/परियोजना, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
11- लोक निर्माण अनुभाग-1/9/10/12 एवं 14, उ0प्र0 शासन।
12- नोडल अधिकारी (आनलाईन बजट एलॉटमेन्ट सिस्टम), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
13- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राजेश कुमार पाण्डेय)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in